आई सी एम आर - राष्ट्रीय रक्त एवं प्रतिरक्षा विकार अनुसंधान संस्थान
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
ICMR-National Institute for Research On Blood and Immune Disorders (Formerly NIIH)
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India.

A-11012/18/2025-Admn. Date: 01.06.2026

# युवा प्रोफेशनल के लिए रिक्ति अधिसूचना

आईसीएमआरराष्ट्रीय रक्त एवं प्रतिरक्षा विकार अनुसंधान संस्थान-, मुंबई में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा के आधार पर निम्नलिखित पूर्णकालिक पद हेतु दिनांक 15 जून, 2026 को सायं 05:00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक https://www.icmrniih.org.in/young_professional के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | आवश्यक योग्यता और अनुभव | वांछनीय | आयु सीमा | समेकित शुल्क/ पारिश्रमक (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | युवा प्रोफेशनल-II (वैज्ञानिक) | एक (01) | जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री/ )बीएएमएसBAMS)/बीएसएमएस )BSMS)/आयुष )AYUSH) में एम.डी. डिग्री, न्यूनतम 55% अंकों सहित तथा संबंधित क्षेत्र में उपाधि प्राप्त करने के पश्चात 03 वर्ष का अनुभव। | वैज्ञानिक शोध-पत्रों एवं पांडुलिपियों के लेखन का अनुभव। | आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। | समेकित पारिश्रमिक 42,000/- रुपये प्रति माह। |

## युवा प्रोफेशनल- II (वैज्ञानिक) के कार्य का दायरा

- वैज्ञानिक शोधपत्रों एवं पांडुलिपियों के लेखन में सहायता प्रदान करना।-
- अंतर्विषयक अनुसंधान कार्यों हेतु वरिष्ठ वैज्ञानिकों, अनुसंधान फेलो तथा चिकित्सकों के साथ समन्वय स्थापित करना।
- नैतिक अनुमोदन )Ethics Approval) एवं नियामकीय दस्तावेजीकरण प्रक्रियाओं में सहयोग प्रदान करना।
- आणविक निदान )Molecular Diagnostics) से संबंधित प्रयोगशाला प्रोटोकॉल का अनुकूलन तथा समस्यानिवारण-करना।
- संस्थान की वार्षिक प्रतिवेदन )Annual Report) तैयार करने में सहायता प्रदान करना।

## भर्ती प्रक्रिया

1. पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी सर्वप्रथम यह सुनिश्चित करें कि वे विज्ञापन में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। साथ ही, उनके पास एक वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी एवं मोबाइल नंबर होना चाहिए। अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि भर्ती-मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर सक्रिय रहे।-प्रक्रिया पूर्ण होने तक उनका ई
2. उपर्युक्त पात्रता, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 15 जून, 2026 को सायं 05:00 बजे तक https://icmrniih.org.in/young_professional लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
3. दिनांक 15 जून, 2026 को सायं 05:00 बजे के पश्चात ऑनलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उक्त लिंक स्वतः निष्क्रिय हो जाएगा तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. अभ्यर्थी ध्यान दें कि आवेदन पत्र को अंतिम रूप से सहेजने )Final Save) के पश्चात उसमें किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा। अतः सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें। इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. यदि प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक होती है, तो आवश्यकता पड़ने पर सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से विज्ञापन के विरुद्ध प्राप्त आवेदनों की जांच )Screening) हेतु तीन सदस्यीय समिति गठित की जाएगी। तत्पश्चात शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा।
6. अभ्यर्थियों को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं आयु मानदंडों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तिथि एवं समय की सूचना ईमेल के माध्यम से दी जाएगी। इसकी सूची संस्थान की वेबसाइटों- https://niih.org.in/ तथा https://icmr.gov.in/ पर भी प्रदर्शित की जाएगी।
7. आवश्यकता पड़ने पर साक्षात्कार से पूर्व लिखित परीक्षा तथा कार्य) आधारित मूल्यांकन परीक्षा-Assignment-Based Assessment Test) भी आयोजित की जा सकती है।
8. निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत चर्चासाक्षात्कार में सम्मिल/ित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
9. आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी इस कार्यालय में प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को निम्नलिखित मूल दस्तावेज अपने साथ लाने होंगे:

   (i) विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र
   (ii) शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र
   (iii) जन्मतिथि का प्रमाण
   (iv) अनुभव प्रमाण-पत्र/प्रशंसापत्र
   (v) एक स्व-प्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ
   (vi) पहचान प्रमाण (आधार कार्ड/पैन कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस आदि)
   (vii) सभी दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों का एक सेट
   (viii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (SC/ST/OBC/EWS) प्रमाण-पत्र, यदि लागू हो
   (ix) सत्यापन हेतु सभी मूल प्रमाण-पत्र एवं प्रशंसापत्र
10. चयनित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करते समय विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन पत्र के साथ आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, प्रशंसापत्र आदि के स्वप्रमाणित दस्तावेजों की प्रतियां तथा नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ प्रस्तुत करना होगा।-
11. अंतिम चयन का परिणाम संस्थान की वेबसाइटों https://niih.org.in तथा https://icmr.gov.in/ पर प्रकाशित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थी को इसकी सूचना ईमेल के माध्यम से भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त दूरभाष अथवा अन्य किस-ी माध्यम से कोई पृथक सूचना नहीं दी जाएगी।

**नियुक्ति की अवधि (Period of Engagement)**

यंग प्रोफेशनल-II (वैज्ञानिक) [Young Professional-II (Scientific)] की प्रारंभिक नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए होगी। संस्थान में सेवाओं की आवश्यकता तथा अतिरिक्त महानिदेशक/वरिष्ठ उप महानिदेशक/वरिष्ठ वित्तीय सलाहकार (Additional DG/Sr. DDG/Sr. F.A.) स्तर के अधिकारी द्वारा किए गए प्रदर्शन मूल्यांकन में संतोषजनक पाए जाने पर नियुक्ति को एक-एक वर्ष की अवधि के लिए अधिकतम दो बार बढ़ाया जा सकता है।

अतः आईसीएमआर में यंग प्रोफेशनल (YP) की नियुक्ति की कुल अधिकतम अवधि किसी भी स्थिति में तीन वर्ष (1+1+1) से अधिक नहीं होगी।

**यंग प्रोफेशनल हेतु देय मानदेय (Remuneration Payable to Young Professional)**

1. यंग प्रोफेशनल-II (YP-II) को ₹42,000/- (रुपये बयालीस हजार मात्र) प्रतिमाह का समेकित मानदेय देय होगा।
2. मासिक मानदेय का भुगतान संबंधित विभाग/अनुभागाध्यक्ष द्वारा कार्य निष्पादन एवं उपस्थिति को संतोषजनक प्रमाणित किए जाने के पश्चात किया जाएगा।
3. आधिकारिक कार्य हेतु देश के भीतर यात्रा करने पर यंग प्रोफेशनल को निम्नानुसार यात्रा भत्ता (TA) एवं दैनिक भत्ता (DA) देय होगा:

   **YP-II**

   - हवाई यात्रा : इकोनॉमी श्रेणी
   - रेल यात्रा : वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी (AC-II)
   - बस यात्रा : वातानुकूलित बस

**दैनिक भत्ता (DA)**

   - होटल/अतिथि गृह व्यय की प्रतिपूर्ति : अधिकतम रु.950/- प्रतिदिन + लागू GST
   - नगर के भीतर यात्रा हेतु गैर-वातानुकूलित टैक्सी व्यय की प्रतिपूर्ति : अधिकतम रु.275/- प्रतिदिन
   - भोजन व्यय की प्रतिपूर्ति : अधिकतम रु.1000/- प्रतिदिन

4. सरकार के प्रचलित नियमों एवं विनियमों के अनुसार लागू सभी करों की कटौती स्रोत पर की जाएगी।

**उपस्थिति एवं कार्य घंटे**

यंग प्रोफेशनल के कार्य घंटे आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के समान होंगे। कार्यालय समय के अतिरिक्त कार्य करने पर कोई अतिरिक्त लाभ अथवा पारिश्रमिक देय नहीं होगा। बिना वैध कारण के लगातार 08 दिनों तक अनधिकृत अनुपस्थिति की स्थिति में नियुक्ति स्वतः समाप्त मानी जाएगी।

**हितों का टकराव (Conflict of Interest)**

यंग प्रोफेशनल परिषद/भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन करेगा/करेगी। उससे अपने कर्तव्यों के निर्वहन में पूर्ण ईमानदारी, गोपनीयता तथा निष्ठा बनाए रखने की अपेक्षा की जाएगी।
यदि किसी यंग प्रोफेशनल की सेवाएँ असंतोषजनक पाई जाती हैं अथवा परिषद/भारत सरकार के हितों के प्रतिकूल पाई जाती हैं, तो उसकी नियुक्ति बिना कोई कारण बताए तत्काल समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व एक वचन-पत्र (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा।

**विधिक स्थिति (Legal Status)**

यंग प्रोफेशनल की नियुक्ति पूर्णतः संविदात्मक एवं अस्थायी आधार पर होगी तथा किसी भी उद्देश्य के लिए उसे संस्थान का नियमित "कर्मचारी" अथवा "अधिकारी" नहीं माना जाएगा।

इसके अतिरिक्त, संविदा अवधि समाप्त होने के पश्चात उसे आईसीएमआर, उसके किसी संस्थान/केंद्र अथवा भारत सरकार में सेवा विस्तार अथवा नियमितीकरण का कोई दावा अथवा अधिकार प्राप्त नहीं होगा। इस संबंध में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व एक वचन-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**यात्रा, चिकित्सीय प्रमाणन तथा सेवा के दौरान मृत्यु, चोट अथवा बीमारी**

चयन के उपरांत यंग प्रोफेशनल को किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सक द्वारा जारी स्वस्थता प्रमाण-पत्र (Statement of Good Health) प्रस्तुत करना होगा।

यदि संविदा की शर्तों के अंतर्गत संस्थान की ओर से कार्य करते समय अथवा संस्थान के व्यय पर यात्रा के दौरान यंग प्रोफेशनल की मृत्यु, चोट अथवा बीमारी होती है, तो यंग प्रोफेशनल अथवा उसके आश्रित किसी प्रकार के मुआवजे के हकदार नहीं होंगे।

**बीमा (Insurance)**

यंग प्रोफेशनल संविदा के अंतर्गत अपने दायित्वों की पूर्ति हेतु आवश्यक बीमा करवाने तथा उसे प्रभावी बनाए रखने के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा/होगी। इसके अंतर्गत जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा अथवा अन्य उपयुक्त बीमा योजनाएँ उसके स्वयं के व्यय पर कराई जाएंगी।

**अन्य नियम एवं शर्तें**

1. अपूर्ण आवेदन, फोटो एवं हस्ताक्षर रहित आवेदन, आवश्यक संलग्नकों के बिना प्राप्त आवेदन अथवा अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिए जाएंगे।
2. किसी भी स्तर पर गलत अथवा भ्रामक जानकारी प्रस्तुत किए जाने पर अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।
3. यदि किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी अपात्र पाया जाता है, तो उसकी अभ्यर्थिता भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में रद्द की जा सकती है। चयन प्रक्रिया में सफल होने के पश्चात भी यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी। नियुक्ति के पश्चात भी अपात्रता पाए जाने पर उसकी सेवाएं बिना किसी पूर्व सूचना अथवा क्षतिपूर्ति के समाप्त कर दी जाएंगी।
4. अभ्यर्थी द्वारा अथवा उसकी ओर से किसी प्रकार का अनुचित प्रभाव, राजनीतिक अथवा बाहरी दबाव डालने का प्रयास चयन प्रक्रिया में अयोग्यता माना जाएगा तथा ऐसे अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।
5. आयु सीमा एवं अनुभव की गणना आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी।
6. अनुभव प्रमाण-पत्र में नियुक्ति अवधि के दौरान किए गए कार्यों की प्रकृति एवं नियुक्ति की अवधि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।
7. शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान/संगठन से होना चाहिए।
8. अनुभव की गणना न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की तिथि से की जाएगी।
9. केवल आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव रखने मात्र से चयन का दावा नहीं किया जा सकता।
10. केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त संस्थान/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSU) में नियमित सेवा कर रहे अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।
11. निदेशक, आईसीएमआर-एनआईआरबिड (ICMR-NIRBID) को बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा। इस संबंध में किसी प्रकार का पत्राचार अथवा अनुशंसा स्वीकार नहीं की जाएगी।

12. अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में संस्थान को आवेदनों की शॉर्टलिस्टिंग हेतु उपयुक्त मानदंड निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

13. निदेशक, आईसीएमआर-एनआईआरबिड को आवश्यकता अनुसार पदों की संख्या बढ़ाने/घटाने, भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने अथवा पुनः विज्ञापन जारी करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में किसी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

14. किसी भी पक्ष की ओर से इंटरनेट/नेटवर्क कनेक्टिविटी संबंधी समस्या अथवा कनेक्शन विफलता के लिए आईसीएमआर-एनआईआरबिड उत्तरदायी नहीं होगा।

15. नियुक्ति का प्रस्ताव विज्ञापन के अनुसार मूल प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के अधीन होगा।

16. चयनित अभ्यर्थियों को आईसीएमआर-एनआईआरबिड के साथ संविदात्मक नियुक्ति अनुबंध (Contract Agreement) पर हस्ताक्षर करने होंगे।

17. यह पद पूर्णतः संविदात्मक आधार पर निर्धारित अवधि के लिए है तथा किसी भी पक्ष द्वारा कम-से-कम एक माह का नोटिस देकर बिना कोई कारण बताए नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

18. नियुक्ति का नवीनीकरण कार्य निष्पादन की संतोषजनक समीक्षा तथा परियोजना की आवश्यकता के आधार पर निर्धारित अवधि के पश्चात किया जा सकता है।

19. यह पद पूर्णतः अस्थायी एवं संविदात्मक प्रकृति का है। अभ्यर्थी को आईसीएमआर-एनआईआरबिड में स्थायी नियुक्ति अथवा किसी अन्य परियोजना में सेवाओं की निरंतरता का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

20. उक्त रिक्ति सूचना से संबंधित कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल संस्थान की वेबसाइट तथा आईसीएमआर की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए समाचार-पत्रों में पृथक सूचना जारी नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों को नियमित रूप से वेबसाइट का अवलोकन करने की सलाह दी जाती है।

21. किसी भी असुविधा से बचने तथा संशोधनों (यदि कोई हों) की जानकारी प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत चर्चा/साक्षात्कार में उपस्थित होने से पूर्व संबंधित वेबसाइटों का अवश्य अवलोकन करना चाहिए।

22. यंग प्रोफेशनल (YP) देश के गोपनीयता संबंधी कानूनों के अधीन होगा/होगी तथा कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व गोपनीयता घोषणा-पत्र एवं गैर-प्रकटीकरण समझौते (Non-Disclosure Agreement) (अनुलग्नक-1) पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा।

23. यह नियुक्ति आईसीएमआर में किसी भी प्रकार की नियमित सरकारी नियुक्ति अथवा रोजगार नहीं मानी जाएगी।

24. नियुक्ति अवधि के दौरान यंग प्रोफेशनल को आचरण संबंधी निर्धारित मानकों का पालन करना होगा। इनका उल्लंघन नियुक्ति समाप्ति का आधार होगा तथा ऐसी स्थिति में बिना पूर्व सूचना के सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

25. यंग प्रोफेशनल का अनुबंध पूर्णतः अस्थायी प्रकृति का होगा तथा इसे किसी भी समय बिना पूर्व सूचना एवं बिना कारण बताए समाप्त किया जा सकता है। तथापि सामान्य परिस्थितियों में किसी भी पक्ष द्वारा कम-से-कम एक माह का नोटिस देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

26. संविदा अवधि के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद, मतभेद अथवा दावे के सौहार्दपूर्ण समाधान हेतु संस्थान एवं यंग प्रोफेशनल दोनों अपने सर्वोत्तम प्रयास करेंगे। यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसे निदेशक, आईसीएमआर-एनआईआरबिड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा तथा उनका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

(डॉ. मनिषा मडकईकर)
निदेशक

# INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH, NEW DELHI

ANNEXURE-1

Sh./Ms./Mrs...........................................................s/o,d/o

Sh............................................................ will comply with the Official Secrets Act, 1923, as amended from time to time and will not disclose any information/data acquired by me during my engagement to any unauthorized person(s). I will not, except with the prior sanction/approval of competent authority in the ICMR, or in the bona fide discharge of my duties, publish a book or a compilation of articles or participate in media broadcast or contribute an article or write a letter to any newspaper(s) or periodical(s) either in my own name or anonymously or pseudonymously in the name of any other person if such book, article, broadcast or letter relates to subject matter pertaining to official business of ICMR.

Signature.....................
Name...........................
Address......................
Mob..............................
Email............................